## एलयूसीसी मामले में सड़कों पर फूंटा महिलाओं का आक्रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिप्ट को-परेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) के द्वारा की गई ठगी, महिलाओं पर अत्याचार, वन्यजीवों के हमले, स्वास्थ्य सेवाएं बहाल किए जाने सहित अन्य मामलों पर कार्यवाही न होने पर रोष व्यक्त किया। विरोध स्वरूप सोमवार को महिलाओं ने पीपलचौरी से स्थानीय गोला होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से तहसील तक आक्रोशी रैली निकाली। इस मौके पर उन्होने रोजगार, जगंली जानवरों के हमलों से निजात दिलाने सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने का कार्य किया। इस मौके पर महिलाओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने सरकार से एलयूसीसी कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए महिलाओं कि जमा की गई पूंजी को वापस कराएं जाने की मांग की। तहसील में प्रदर्शन करते हुए सरस्वती देवी, ओंकार सिंह, राजेश कुमार, नीलम भट्ट, अरूण नेगी ने कहा कि एलयूसीसी कंपनी से पैसा वापस दिलाए जाने की मांग को लेकर एलयूसीसी ठगी पीड़ित महिलाएं आंदोलनरत है, लेकिन सरकार आरोपियों को पकड़ने के लिए खाली कोरे आश्वासन देकर गुमराह करना का कार्य कर रही है। साथ ही अंकित भंडारी, पूजा नेगी, जितेंद्र कुमार, केदार भंडारी मामले पर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही कर न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही एनयूसीसी घोटाले को राष्ट्रीय आपदा घोषित किए जाने और 6 माह के भीतर सीबीआई जांच पुरी करने की मांग की।

## डीएम ने सुनीं समस्याएं, तत्काल कार्रवाई के निर्देश

■ पुनर्वास और पेयजल की समस्याओं पर डीएम सख्त, रायवाला में भूखंड कब्जे और लखवाड़ बांध मुआवजे को लेकर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिलाधिकारी ने आम जनमानस की शिकायतों को पूरी गंभीरता के साथ सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पेयजल, पुनर्वास, सड़क, मुआवजा और भूमि विवाद से जुड़े कुल 45 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिन पर त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विशेष रूप से पुनर्वास और पेयजल किल्लत के मामलों पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त लहजे में समस्याओं का समाधान करने को कहा।

जनता दरबार में ग्राम डिबनू के निवासी संजय चौहान, अमित चौहान और जयपाल चौहान ने पुनर्वास विभाग की लचर कार्यप्रणाली को उजागर करते हुए अपनी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि पात्रता के आधार पर उन्हें रायवाला (प्रतीतनगर) में आवासीय भूखंड संख्या 10, 11 और 12, जिनका क्षेत्रफल 200-200 वर्गमीटर है, आवंटित किए गए थे। इन भूखंडों की निर्धारित कीमत भी उनके द्वारा सरकारी खजाने में जमा कर दी गई है, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी उन्हें आज तक भूखंडों का भौतिक कब्जा नहीं मिल पाया है। इस मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी पुनर्वास को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रार्थियों को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए।

मुआवजे और भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों में भी फरियादियों ने अपनी बात रखी। विकासखंड जाखणीधार के ग्राम खिटबड़ी निवासी बद्री प्रसाद मिश्र ने चौंडी-सेमलासू मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान अधिग्रहित किए गए खेतों का मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई। वहीं, ग्राम सैजी, कैम्प्टी फॉल निवासी अभिषेक रावत ने लखवाड़ बांध परियोजना निर्माण में अधिग्रहित भूमि के प्रतिकर हेतु निरीक्षण प्रपत्र में नाम जोड़ने की मांग की। इन दोनों ही मामलों की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (एसएलओ) को जांच कर आख्या उपलब्ध कराने और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

पेयजल संकट को लेकर विकासखंड थौलधार के ग्राम रमोलसारी निवासी कमल सिंह चौहान ने बताया कि उनके गांव का पेयजल स्रोत बनस्थूल गांव के नीचे स्थित है, जो अब भूस्खलन की जद में आ चुका है। इसके अतिरिक्त प्रतापनगर के ग्राम मुखमाल गांव निवासी रमेश चंद्र राणा ने पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त हुई सिंचाई गूलों को दैवी आपदा मद से ठीक कराने की मांग रखी। वहीं, ग्राम दड़क जौनपुर के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जांदराखाल-दड़क मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की। विकासखंड थौलधार के ग्राम मरोड़ा निवासी इंद्रदत्त रतूड़ी ने लीज की जमीन पर मकान बनाने की अनुमति मांगी।

जिलाधिकारी ने इन सभी प्रकरणों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, एसडीएम प्रतापनगर स्नेहिल, सीओ ओशिन जोशी और एसडीएम टिहरी संदीप कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

## देवाल में जन जन की सरकार जन जन के द्वार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** जन जन की सरकार जन जन के द्वारा कार्यक्रम के तहत न्याय पंचायत देवाल की विकास खंड कार्यालय देवाल में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एक सौ से अधिक शिकायतें एवं समस्याएं दर्ज की गई।इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि थराली विधायक भूपाल राम टम्टा ने सरकार के द्वारा जारी कार्यक्रम को आम जनता के लिए बेहद अहम एवं लाभकारी बताया। पूरे राज्य में जन जन की सरकार जन जन के द्वारा कार्यक्रम के तहत थराली के उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट की अध्यक्षता में विकास खंड कार्यालय देवाल में एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।इस मौके पर ग्रामीणों ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, कृषि, उद्यान,वन, आजीविका सहित तमाम अन्य विभागों के मुद्दे, शिकायतें, समस्या उठाई।

इस मौके पर थराली विधायक भूपाल राम टम्टा ने जन, जन सरकार कार्यक्रम को आम जनता के लिए बेहद अहम बताते हुए कहा कि ग्रामीणों की तमाम समस्याओं का निराकरण करने के लिए अब अधिकारी, कर्मचारी जनता की समस्याओं के निराकरण करने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर पहुंचेंगे।इस मौके पर जड़ी-बूटी सलाह समिति के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री बलवीर घुनियाल एवं ब्लाक प्रमुख तेजपाल सिंह रावत ने जन,जन की सरकार कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम जनता को काफी अधिक लाभ मिलेगा, कहा कि इससे तमाम समस्याओं का शिविर में निराकरण होना अपने आप में बड़ी बात है।इस अवसर पर थराली के उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट ने कहा कि शिविर में एक सौ से अधिक समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों में से अधिकांश शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण किया गया,, प्राप्त शिकायतों को ओनलाइन दर्ज की जा रही हैं।इस मौके पर तहसीलदार अक्षय पंकज, देवाल के जेष्ठ प्रमुख दीपक गड़िया, प्रधान संघ अध्यक्ष खिलाप सिंह बिष्ट,चोटिंग के क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश गड़िया, प्रेम सिंह बिष्ट,मोपाटा प्रधान प्रधान रूप सिंह कुंवर सहित तमाम जनप्रतिनिधियों ने समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज करवाई।इस शिविर में 60 आधार कार्ड बनाएं गये, खाद्य विभाग 150 कार्ड धारकों के केवाईसी करवाई, होम्योपैथिक चिकित्सा ने 43, आयुर्वेद चिकित्सा ने 37, ऐलोपैथिक चिकित्सा ने 40, रोगियों की जांच कर दवाओं का वितरण किया,श्रम विभाग ने 12 आवेदन प्राप्त किए,समाज कल्याण विभाग को 7,जिला विधिक सेवा को 3, उद्यान ने 20, पशुपालन ने 38, पंचायत राज विभाग ने 6 जन्म प्रमाण पत्र जारी करते हुए 5 पररिवार रजिस्टर जारी किए, शिक्षा विभाग को 10 शिकायतें प्राप्त हुई शिविर में उन्नत संकुल स्तरीय स्वायत्त सहकारिता समिति का स्टाइल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

## कर्मचारी संगठन ने जरूरतमंद की मदद की

**श्रीनगर।** अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन श्रीनगर के निर्धन निधि से जरूरतमंद की मदद की गई। संगठन के पुराने सदस्य एवं कमलेश्वर मंदिर निवासी सदानंद पुरी को जो लम्बे समय से लकवाग्रस्त है उनकों संगठन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र मैठाणी ने 10 हजार रूपये की नकद राशि दी गई। जिससे वह अपना इलाज करवा सकें। इस अवसर पर दीनबंधु सिंह चौहान, उपाध्यक्ष राजाराम जोशी, सहसचिव हरी प्रसाद उनियाल, संरक्षक विमल बहुगुणा, अवधेश मणि, रमेश चन्द्र थपलियाल, आमोद थपलियाल, दया रामपुरी, प्रणोद नौडियाल आदि उपस्थित रहे

### एक नजर .......

## आधुनिक वाटर ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने के लिए योजना की तैयारी

**कोटद्वार।** बरसात के दौरान क्षेत्र में होने वाले जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम द्वारा आधुनिक वाटर ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने की दिशा में योजना तैयार की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य वर्षा जल की त्वरित और सुचारु निकासी सुनिश्चित कर नागरिकों को जलभराव से राहत दिलाना है। इस संबंध में सोमवार को नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। डीपीआर निर्माण प्रक्रिया में जल निकासी से प्रभावित सभी वार्डों के पार्षदों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। महापौर ने कहा कि पार्षद अपने-अपने वार्डों में उन स्थानों की पहचान करेंगे, जहां जलभराव की समस्या गंभीर है। साथ ही यह भी प्रस्तावित किया जाएगा कि वर्षा जल की निकासी किस दिशा और किस मार्ग से की जानी चाहिए। इसके बाद नगर निगम द्वारा चयनित कंसलटेंसी एजेंसी मौके पर जाकर विस्तृत स्थल निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, मौजूदा नालियों की क्षमता, जल प्रवाह की दिशा, जनसंख्या घनत्व और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक तकनीकी रूप से मजबूत, व्यावहारिक और दीर्घकालिक ड्रेनेज सिस्टम का खाका तैयार किया जाएगा।

## राइका झंडीचौड के तीन छात्रों का राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**कोटद्वार।** राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ उत्तरी में अध्ययनरत हिमांशु, प्रियांशु और वरुण का चयन राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सोहनलाल ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के व्यायाम शिक्षक सुरेश सिंह, गणेश आर्य और सुशील थलेड़ी के नेतृत्व में हाल ही में जीआईसी झंडीचौड़ उत्तरी के नौ छात्रों ने ऋषिकेश में आयोजित राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। प्रियांशु एवं वरुण ने रिदमिक पेयर में स्वर्ण पदक जीता। हिमांशु एवं गणेश ने रिदमिक पेयर और आर्टिस्टिक पेयर दोनों वर्गों में रजत पदक प्राप्त किया। सागर ने सोलो आर्टिस्टिक में रजत पदक जीता। अभय ने सोलो आर्टिस्टिक में कांस्य पदक प्राप्त किया।

## सेवानिवृत वन अधिकारी, कर्मचारी कल्याण समिति की हुई मासिक बैठक

**कोटद्वार।** पनियाली स्थित अरण्य सभागार में सोमवार को सेवानिवृत वन अधिकारी, कर्मचारी कल्याण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष आरपी पंत ने कहा कि समिति पेंशनर्स की समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन अभी भी कुछ समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाया है। कहा कि विभिन्न स्तरों पर अभी भी वेतन विसंगतियां व्याप्त हैं, जिनका समाधान किया जाना चाहिए। जून माह में जो अतिरिक्त वेतन वृद्धि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी जाती है, इससे सेवानिवृत्त वन अधिकारियों और कर्मचारियों को वंचित रखा गया है, इस पर विचार किया जाना चाहिए। मौके पर सेवानिवृत वन कर्मचारियों को वन विश्राम भवनों में परिवार सहित रात्रि ठहरने की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने और कोरोना काल में रोके गए महंगाई भत्ते की राशि को इसी वित्तीय वर्ष में अवमुक्त करने की मांग भी की गई।

आइसा ने मनरेगा योजना को खत्म करने का किया विरोध

## एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**श्रीनगर।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म किए जाने पर आइसा छात्र संगठन ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। सोमवार को इस संदर्भ में आइसा छात्र संगठन ने उपजिलाधिकारी श्रीनगर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में गढ़वाल विवि के छात्र संघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल, पूर्व छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री ने कह कि केंद्र सरकार ने हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा और सलाह-मशविरे के बिना ही केंद्र सरकार गुपचुप तरीके से संसद में मनरेगा को खत्म करके वी बी- ग्राम जी विधेयक लायी है। जिससे राष्ट्रपति ने भी मुहर लगकर कानून बना दिया है। कहा कि एक मांग आधारित काम की योजना, जिसमें काम के अधिकार की गारंटी थी, लेकिन सरकार ने उसे खत्म करके एक ऐसी योजना लायी गयी है, जिसका सबसे पहला शिकार काम का अधिकार ही है। कहा कि देश में किसान, खेत मजदूर और नागरिक संगठन लगातार यह मांग कर रहे थे कि मनरेगा को कृषि कार्यों से जोड़ा जाए।

## सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**नई टिहरी।** समाज में दीमक की तरह फैल रही कुरीतियों और फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने की दिशा में जनपद की आदर्श ग्राम पंचायत बिरोड़ ने एक ऐतिहासिक और अनुकरणीय पहल की है।

रविवार की शाम महासू देवता मंदिर के पवित्र प्रांगण में आयोजित एक सार्वजनिक आम बैठक में समूचे गांव ने एक स्वर में सामाजिक सुधार की दिशा में कड़े कदम उठाने का संकल्प लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया कि अब से गांव में होने वाले किसी भी शादी-विवाह समारोह या मेहंदी के कार्यक्रमों में शराब परोसने की प्रथा को पूर्ण रूप से बंद किया जाएगा। ग्रामीणों का मानना है कि खुशी के मौकों पर नशे का चलन न केवल युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है, बल्कि इससे सामाजिक माहौल भी खराब होता है, जिसे रोकना अब समय की मांग है।

पंचायत की इस बैठक में केवल नशे के खिलाफ ही नहीं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण और दिखावे की संस्कृति पर भी प्रहार किया गया। विवाह समारोहों में देर रात तक बजने वाले डीजे और साउंड सिस्टम को लेकर भी समय सीमा निर्धारित कर दी गई है। अब गांव में किसी भी आयोजन में रात्रि 12 बजे के बाद डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी, ताकि बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को परेशानी न हो।

## मनरेगा से छेड़छाड़ पर भड़की भाकपा, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के मौजूदा स्वरूप में बदलाव करने और इसके स्थान पर नया "बी.बी. रामजी विधेयक" लाने की कथित तैयारियों के खिलाफ जोरदार मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला इकाई ने सरकार के इस प्रस्तावित कदम को मजदूर और गरीब विरोधी करार देते हुए अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को एक ज्ञापन प्रेषित किया, जिसमें मनरेगा के मूल ढांचे को सुरक्षित रखने और रोजगार की कानूनी गारंटी के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न करने की मांग की गई है।

राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन में भाकपा ने केंद्र सरकार की नीतियों और मंशा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी का स्पष्ट आरोप है कि सरकार एक "अधिकार आधारित कानून" को समाप्त कर उसे महज एक "विवेकाधीन योजना" में तब्दील करने की साजिश रच रही है। पार्टी नेताओं ने तर्क दिया कि मनरेगा मजदूरों के लिए संजीवनी के समान है क्योंकि यह उन्हें काम मांगने का कानूनी हक देता है। यदि इसके स्थान पर नया विधेयक लाया जाता है, तो रोजगार की गारंटी की पूरी अवधारणा ही ध्वस्त हो जाएगी। ऐसा होने पर ग्रामीण श्रमिक फिर से सरकारी कोटे और ठेकेदार प्रेरित तंत्र की दया पर निर्भर हो जाएंगे, जिससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा और उनकी आजीविका संकट में पड़ जाएगी।

ज्ञापन में मनरेगा के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए बताया गया कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में वामपंथ के मजबूत समर्थन से लागू किया गया यह अधिनियम भारतीय गणतंत्र के इतिहास में एक प्रमुख मील का पत्थर है। यह कानून "काम के अधिकार" की संवैधानिकता की आधारशिला है और भारतीय संविधान के नीति-निर्देशक सिद्धांतों से सीधे तौर पर प्रेरित है, जो राज्य को अपने सभी नागरिकों के लिए आजीविका के साधन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं। इस कानून को कमजोर करना संविधान की भावना के खिलाफ होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में भाकपा के राज्य सचिव जगदीश कुलियाल, जिला सचिव जय प्रकाश पाण्डेय और सहायक सचिव टिकम सिंह चौहान सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे, जिन्होंने सरकार से इस प्रस्ताव को तत्काल वापस लेने की मांग की।

## वन विभाग ने किया नोटिस जारी, ग्रामीणों ने बुलाई महापंचायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** चिन्यालीसौड़ ब्लॉक के हातड़, दशगी और बिष्ट पट्टी के ग्रामीणों ने वन विभाग द्वारा वर्षों पूर्व आवंटित पट्टों को बेदखल करने नोटिस का विरोध शुरू कर दिया है।सोमवार को ग्रामीणों ने महासभा बुलाई और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि वनविभाग द्वारा स्थानीय जनता को उनके 60 वर्ष से अधिक समय से जिन भवनों व पट्टों को टिहरी रियासत के समय से आवंटित किया गया था उन्हें आज अवैध का नाम दिया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस के विरोध में सोमवार एक महासभा आयोजित की है। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों के आग्रह पर प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान भी उपस्थित रहे।वहीं भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने महासभा की बैठक में सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि सरकार व हम जनता की इस समस्या के साथ मजबूती से खड़ी हैं। इस दौरान उन्होंने दूरभाष के माध्यम से जिलाअधिकारी को वन विभाग के इस फैसले को ठीक करने व स्थानीय जनता को राहत देने मांग उठाई है। उन्होंने मामले में जल्द वन मंत्री एवं मुख्यमंत्री से भी एक से शिष्ट मंडल को मिलवाने व समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा शीशपाल चौहान, पूर्व सैनिक राजेश भारतद्वाज, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय बडोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष चौन सिंह महर, राजेंद्र गुसाईं,रणवीर चौहान ,कृतम पंवार,रघुवीर चौहान,प्रधान ज्येष्ठवादी शोधन सिंह नेगी, सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रपाल राणा ,प्रधान जोखणी रोशन लाल, प्रधान प्रतिनिधि नगाण गांव संतोष नौटियाल, पूर्व प्रधान खदालडा अमोल सिंह महर,क्षेत्र पंचायत सदस्य कामदा गणेश नौटियाल,पूर्व ग्राम प्रधान बनाड़ी कोमल सिंह पंवार,सुमन पंवार, सुरेश पाल सिंह महर,क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवम नेगी ,पूर्व प्रधान बनाड़ी कोमल सिंह पंवार,पूर्व प्रधान जोखणी लक्ष्मण राणा जी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय उपस्थित रहे।

## गढ़वाल विवि में पीजी में सीयूईटी में प्रवेष से भटके छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में स्नातकोत्तर पर सीयूईटी समाप्त किए जाने एवं पीएचडी फैलोशिप बढ़ाये जाने सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही न होने पर छात्र संघ पदाधिकारियों ने कड़ा रोष व्यक्त किया। सोमवार को छात्र संघ अध्यक्ष महिपाल बिष्ट के नेतृत्व में छात्र मांगों पर वार्ता करने को लेकर गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय पहुंचे। डीएसडब्यू के साथ मांगों पर वार्ता विफल होने पर छात्र संघ पदाधिकारी डीएसडब्ल्यू भवन के छत पर चढ़ गये। इस दौरान छात्रों ने कहा कि जब तक मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान गढ़वाल विवि प्रशासन ने छात्रों को मनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन छात्रों ने एक न सुनी। मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने भी छात्रों को समझाने की कोशिश की, छात्र मांग पूरी करने की मांग पर अड़े रहें। छात पर चढ़े छात्र संघ अध्यक्ष महिपाल बिष्ट, महासचिव अनुरोध पुरोहित, छात्र नेता देवांश नौटियाल ने कहा कि गढ़वाल विवि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी प्रवेश परीक्षा अनिवार्य की गई है। कहा कि सीयूईटी होने से पहाड़ के छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पती की मौत के बाद इंसाफ के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रही विधवा, वन विभाग की फाइलों में गुम हुई संवेदनाएं

■ नेल्डा की सरस्वती ने जनता दरबार में बयां किया दर्द, मृतक आश्रित कोटे में बेटे को नौकरी देने की उठाई मांग,?वन विभाग पर आवेदन दबाने का गंभीर आरोप, डीएम से लगाई पति के अवशेष देयकों के भुगतान की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी निकिता खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में सोमवार को एक भावुक कर देने वाला मामला सामने आया, जिसने सरकारी सिस्टम की संवेदनहीनता की पोल खोलकर रख दी। पट्टी धारमंडल के ग्राम नेल्डा की निवासी एक विधवा महिला, सरस्वती देवी ने अपनी बदहाली और प्रशासनिक उपेक्षा की दास्तान सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने जिलाधिकारी के समक्ष अपना दुखड़ा रोते हुए बताया कि पति की मृत्यु के बाद उनका परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गया है, लेकिन विभाग की फाइलों में उनकी फरियाद दफन होकर रह गई है। सरस्वती देवी ने अपनी पारिवारिक और गंभीर आर्थिक संकट का हवाला देते हुए प्रशासन से तत्काल मदद की अपील की है।

मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित सरस्वती देवी ने बताया कि उनके पति पृथ्वी सिंह राणा टिहरी वन प्रभाग में कर्मचारी के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। दुर्भाग्यवश, बीते 13 जून 2024 को उनका आकस्मिक निधन हो गया, जिसके बाद परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। घर के मुखिया के चले जाने से परिवार की आजीविका का एकमात्र सहारा छिन गया है। उन्होंने बताया कि पति की मृत्यु के उपरांत उन्होंने अपने पुत्र विपिन राणा को मृतक आश्रित कोटे के तहत वन विभाग में नियुक्ति दिलाने और पति के सेवाकाल के समस्त अवशेष देयकों (फंड, ग्रेच्युटी आदि) के भुगतान के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों के चक्कर काटे और पत्राचार किया, लेकिन नतीजा सिफर रहा।

सरस्वती देवी ने वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी ओर से प्रस्तुत किए गए तमाम प्रार्थना पत्रों और दस्तावेजों को जानबूझकर दबा दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि नियुक्ति और भुगतान से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेख और दस्तावेज बहुत पहले ही संबंधित कार्यालय में जमा कराए जा चुके हैं, फिर भी विभाग द्वारा अब तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है। विभागीय उदासीनता से हताश होकर उन्होंने अब जिलाधिकारी की शरण ली है। उन्होंने डीएम से मार्मिक अपील की कि उनकी दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनके पुत्र विपिन राणा को जल्द से जल्द वन विभाग में नियुक्ति प्रदान की जाए और स्वर्गीय पति के रुके हुए देयकों का भुगतान कराया जाए, ताकि वह अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानपूर्वक कर सकें।

## शिक्षाविद गौड का निधन, शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राज्य पुरूस्कार से सम्मानित व राजकीय प्राथमिक विद्यालय कालीमठ के प्रधानाध्यापक वंशीधर गौड़ का हृदय गति रूकने से निधन हो गया, उनके निधन पर जिले शिक्षाविदो, शिक्षक कर्मचारी संगठनो एवं जनप्रतिनिधियो ने शोक संवेदना व्यक्त की।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय कालीमठ के प्रधानाध्यापक वंशीधर गौड एक कर्तव्य परायण शिक्षक के साथ-साथ शिक्षक संघ मे मजबूत स्तम्भ भी थे, शिक्षा के क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य के लिए कई पुरूस्कारो से नवाजा गया था, राज्य पुरूस्कार प्राप्त कर वे सेवा विस्तारण मे कार्य कर रहे थे, मृतक प्रधानाध्यापक वंशीधर गौड़ अपना पूरा समय स्कूली नौनिहालो के साथ बिताते थे

छात्र-छात्राओं की जिले से लेकर राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओ मे राप्रावि कालीमठ का वर्चस्व रहता था, गौड़ कर्तव्य निष्ठ शिक्षक के साथ-साथ प्राथमिक शिक्षक संघ के मजबूत स्तम्भ भी थे, जनपदीय संरक्षक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदो पर भी उन्होने कार्य किया।

प्रधानाध्यापक गौड के निधन पर प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह गुसाईं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मगनानंद भट्ट प्रवक्ता वीरेन्द्र कठैत, जिलाध्यक्ष श्रीधर प्रसाद भट्ट, सुरेन्द्र सिंह गुसाईं कोषाध्यक्ष विजय सिंह शाह, मौजूदा जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह झिक्वाण महामंत्री दिनेश चन्द भट्ट कोषाध्यक्ष रघुवीर बुटोला प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह खत्री, उम्मेद सिंह गुसॉई, प्रेम सिंह कठैत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशा डिमरी, विद्योत्तमा गुसाई मिनीष्ट्रियल फैडरेशन के अध्यक्ष रणजीत सिह गुसाई मिडडेमील, के जिला समन्वयक गणेश प्रसाद सहित अन्य लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त की। कालीमठ क्षेत्र मे भी लोगो ने प्रधानाध्यापक गौड के निधन पर शोक संवेदनाऐ व्यक्त की।

# वकीलों की हुंकार से घंटों थमा दून का 'दिल'

## चेंबर निर्माण की मांग पर आर-पार की जुबानी जंग, कई घंटे तक घंटाघर पर अधिवक्ताओं का रहा कब्जा

■ मांगे न मानी तो सचिवालय से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक घेराव की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड की अस्थाई राजधानी का सबसे व्यस्ततम इलाका घंटाघर सोमवार को उस वक्त काले कोट धारी सैकड़ो अधिवक्ताओं के रंग में रंग गया। जब चेंबर निर्माण की मांग को लेकर बार एसोसिएशन देहरादून के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता सड़कों पर उतर आए।

घंटाघर पर हुवे इस प्रदर्शन में प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने घंटाघर चौराहे पर चक्का जाम कर दिया।

वकीलों के इस उग्र प्रदर्शन के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई और चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें नजर आई।

वही मौके पर तैनात पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी मुख दर्शक बने रहे।



### क्यों भड़का अधिवक्ताओं का गुस्सा?

अधिवक्ताओं का आरोप है कि सरकार लंबे समय से उनके बैठने के लिए चेंबर निर्माण की मांग को नजरअंदाज कर रही है। बार अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने कहा कि जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने एक घंटा घर पर प्रदर्शन के दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगाए 'सरकार होश में आओ और चेंबर हमारा हक है' जैसे नारों से पूरा घंटाघर गूंज उठा।

### अधिवक्ताओं की हुंकार से यातायात बेपटरी, जनता बेहाल

घंटाघर देहरादून का 'हृदय स्थल' माना जाता है। यहाँ चक्का जाम होने का असर राजपुर रोड, चकराता रोड, सहारनपुर रोड़, सुभाष रोड और पलटन बाजार तक देखने को मिला। स्कूली बच्चे, ऑफिस जाने वाले लोग और एंबुलेंस घंटों जाम में फंसे रहे। पुलिस प्रशासन को रूट डायवर्ट करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन वकीलों के भारी हुजूम के आगे सारे इंतजाम नाकाफी साबित हुए।

अधिवक्ताओं का कहना था कि जब तक प्रदेश सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती तब तक क्या प्रदर्शन जारी रहेगा यही नहीं प्रदर्शन आगे भी बढ़ेगा और सचिवालय से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक जाएगा




### अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल का कड़ा रुख

घंटाघर पर प्रदर्शन के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने कहा किष्हम लंबे समय से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग रख रहे थे, लेकिन सरकार ने हमारी चुप्पी को कमजोरी समझ लिया। चेंबर निर्माण अधिवक्ताओं की मूलभूत आवश्यकता है। यह प्रदर्शन तो सिर्फ एक ट्रेलर है, अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो पूरे प्रदेश में कार्य बहिष्कार किया जाएगा।ष

### प्रशासन के हाथ-पांव फूले

प्रदर्शन की उग्रता को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशास. निक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अधिवक्ताओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन अधिवक्ता मुख्यमंत्री से ठोस आश्वासन की मांग पर अड़े रहे। कई घंटों के ड्रामे के बाद प्रशासन द्वारा आश्वासन मिलने पर जाम खोला गया।

जिसके चलते प्रशासनिक अधिकारियों में भी खलबली मची रही।

इस दौरान अधिवक्ता गगनदीप थापर, नेहा रावत, बीडी झा, राजवीर सिंह, सुलेखा झा, महिपाल सिंह, चंद्रशेखर,रजिया बेग आदि सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

# महासू देवता के दरबार में उच्च शिक्षा मंत्री ने हनोल विकास को लेकर की चर्चा



■ मंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जनजातीय क्षेत्र हनोल पहुंचे, जहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध महासू देवता मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य की समृद्धि, शांति और जनहित की कामना की।

हनोल पहुंचने पर मंत्री डॉ. रावत ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि सरकार हनोल को मास्टर प्लान के तहत विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

अपने दौरे के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने हनोल स्थित एएनएम केंद्र का निरीक्षण भी किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर पद्मश्री सम्मानित प्रेमचंद शर्मा, विक्रम राजगुरु, मंदिर समिति के पदाधिकारी सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# विधायक ने किया संत शिरोमणि रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत ग्राम सभा भुड्डी के नयागांव स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ विधायक सहदेव सिंह पुंडीर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का विकास समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा सामा. जिक समरसता को मजबूत करता है। क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## सांस्कृतिक मूल्यों में फिर से निवेश करना होगा

**देहरादून।** नवाचार, आत्मनिर्भरता और समृद्धि विषय पर आधारित दो दिवसीय वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम 2025 का औपचारिक उद्घाटन कया गया। अध्यक्ष राजेश शर्मा, हरि मोहन बांगुर, चेयरमैन, श्री सीमेंट लिमिटेड तथा सज्जन जिंदल, चेयरमैन, जेएसडब्ल्यू ग्रुप सहित संस्थापक, बिजनेस लीडर्स और निवेशक मौजूद रहे।

# दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर/सहसपुर।** वारंटियों के विरुद्ध जारी कार्यवाही में कोतवाली विकासनगर व सहसपुर पुलिस द्वारा 2 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

न्यायालयों से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्टों की शत प्रतिशत तामीली किये जाने को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा आदेश निर्गत किये गये। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विकासनगर व सहसपुर पुलिस द्वारा अभियान चलाकर वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया।

विकासनगर गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए वारण्टी केतक उर्फ रमजान पुत्र स्व. खालिक निवासी ग्राम पलाी, कालीगंज जिला नदिया, पश्चिम बंगाल, हाल पता गुडरिच कोतवाली विकासनगर व सहसपुर पुलिस द्वारा अशरफ पुत्र वाजिद निवासी रूद्रपुर थाना सहसपुर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने दोनों वारंटियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में एसआई राजेंद्र सिंह पंवार, सिपाही राजेंद्र बर्त्वाल व सहसपुर से एसआई विजय थपलियाल, सिपाही नवबहार सिंह, शंकर सिंह शामिल रहे।

## एक नजर .......

### एफडीए 510( के ) आवेदन दाखिल

**देहरादून।** एसएस इनोवेशन इंटरनेशनल, आईएनसी. (नैस्डैक: एसएसआईआई), भारत की स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक्स अग्रणी कंपनी, ने आज एक ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की। कंपनी ने अपने नेक्स्ट-जेन. रेशन एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के समक्ष 510(के) प्रीमार्केट नोटिफिकेशन दाखिल किया है। एसएस इनोवेशंस के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, एफडीए को 510(के) नोटिफिकेशन प्रस्तुत करना न केवल एसएस इनोवेशंस के लिए, बल्कि उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकियों में भारत के वैश्विक नेतृत्व के उभार के लिए भी एक निर्णायक क्षण है।

### अर्ली स्क्रीनिंग से बढ़ती है प्रोस्टेट कैंसर में ९९ प्रतिशत तक बचने की संभावना

**देहरादून।** भारत में प्रोस्टेट कैंसर तेजी से बढ़ती हुई स्वास्थ्य चिंता बन रहा है, खासकर बड़े शहरों में जहां यह पुरुषों में सबसे आम कैंसरों में से एक है। इसकी गंभीरता इस बात पर निर्भर करती है कि इसे किस समय पर पहचाना गया। 45-50 वर्ष की उम्र में एक साधारण रक्त जांच पीएसए - बीमारी की दिशा बदल सकती है। यदि कैंसर शुरुआती अवस्था में पकड़ में आ जाए, तो 5 साल की सर्वाइवल रेट लगभग 99 प्रतिशत होती है, जबकि देर से पता चलने पर यह मात्र 32 प्रतिशत तक गिर जाती है। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के यूरोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. अमित सिंह मल्होत्रा ने बताया कि "कई पुरुष शुरुआती प्रोस्टेट कैंसर के समय बिल्कुल सामान्य महसूस करते हैं, क्योंकि इस स्टेज पर कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते। जब तक पेशाब में रुकावट, दर्द या अन्य समस्याएँ दिखाई देती हैं, तब तक कैंसर अक्सर फैल चुका होता है। 45 वर्ष की उम्र पर स्क्रीनिंग एक महत्वपूर्ण बेसलाइन तैयार करती है।

### फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**विकासनगर ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** कोतवाली विकासनगर पर एनडीपीएस, जिसमे पूर्व में पुलिस द्वारा 3 नशा तस्करो को अवैध मादक पदार्थो के साथ गिरफ्तार किया गया था, जिससे पूछताछ में मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त एक अन्य नशा तस्कर नरेश का नाम प्रकाश में आया था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी, पर आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचते हुए लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने प्रयासों तथा मुखबिर की सूचना पर मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी नरेश दास पुत्र चेतू राम निवासी ग्राम उपल्टा थाना कालसी को अजीत नगर विकासनगर से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। टीम में एसआई विवेक भंडारी, सिपाही गौरव, रजनीश शामिल रहे।

### जरूरतमंदो की मदद को बढ़ाया हाथ



**चकराता ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए रोशनी ट्रस्ट ने चकराता के समीप स्थित डाकरा गांव में जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए राहत अभियान चलाया। इस दौरान खेतीबाड़ी व मजदूरी पर निर्भर महिला-पुरुषों और बच्चों को ऊनी कपड़े, टोपी, दस्ताने सहित अन्य गर्म वस्तुएं वितरित की गईं। रोशनी ट्रस्ट के संस्थापक सेवानिवृत्त कैप्टन चेतन ने बताया कि संस्था का लक्ष्य समाज के कमजोर वर्गों तक आवश्यक सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट पूर्व में भी विभिन्न विद्यालयों में ड्रेस, बैग व किताबें वितरित कर चुका है तथा समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की मदद करता रहा है। इसी कड़ी में रविवार को डाकरा गांव के लगभग सौ ग्रामीणों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े उपलब्ध कराए गए। गांववासियों ने ट्रस्ट के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## मलाबार ने किया 'ब्राइड्स ऑफ इंडिया' ब्राइडल शो का आयोजन

**देहरादून।** दुनिया के अग्रणी ज्वेलरी रिटेलर्स में से एक, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने देहरादून के राजपुर रोड स्थित अपने शोरूम में एक विशेष 'ब्राइड्स ऑफ इंडिया' ब्राइडल शो की मेजबानी की। ब्राइडल शो का उद्घाटन समाज कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष मैडम रजनी रावत उपाध्यक्ष, समाज कल्याण विभाग ने किया। इस अवसर पर ब्रांड के संरक्षक, ग्राहक और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की टीम के सदस्य उपस्थित थे। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने इस अवसर पर कहा, ब्राइड्स ऑफ इंडिया हमारे इस विश्वास को दर्शाता है कि ब्राइडल ज्वेलरी व्यक्तिगत होती है और संस्कृति, पारिवारिक परंपराओं व क्षेत्रीय पहचान से जुड़ी होती है।

# यूपीईएस और जूनिपर नेटवर्क्स की बड़ी पहल

■ नेटवर्किंग और साइबर सिस्टम्स में स्थापित होगा अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भारत को वैश्विक मानचित्र पर और मजबूत करने की दिशा में यूपीईएस (यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज), देहरादून ने जूनिपर नेटवर्क्स (अब एचपीई जूनिपर नेटवर्किंग) के साथ एक अहम रणनीतिक शैक्षणिक साझेदारी की है।

इस साझेदारी के तहत यूपीईएस स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस में नेटवर्किंग एवं साइबर सिस्टम्स के क्षेत्र में एक अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की स्थापना की जाएगी।




इस सहयोग को 10 दिसंबर 2025 को आयोजित जूनिपर ग्लोबल एकेडमिक समिट के दौरान दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के आदान-प्रदान के साथ औपचारिक रूप दिया गया। एमओयू पर शिशिर सिंह, ग्लोबल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, कोर टेक्नोलॉजीज (नेटवर्किंग एवं सिक्योरिटी) तथा एम. मुथुकुमार, ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट एवं इंडिया कंट्री हेड, जूनिपर नेटवर्क्स की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

इस साझेदारी के माध्यम से यूपीईएस, जूनिपर नेटवर्क्स क्लाउड एवं ऑटोमेशन अकादमी का आधिकारिक सदस्य बन गया है। इससे विश्वविद्यालय में उद्योग-आधारित, व्यावहारिक और अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा मिलेगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को उद्योग-स्तरीय जूनिपर हार्डवेयर सूट से लैस किया जाएगा, जिससे उन्नत नेटवर्क कॉन्फिगरेशन, सिमुलेशन और रियल-टाइम नेटवर्क टेस्टिंग संभव हो सकेगी।

**विद्यार्थियों को मिलेगा बड़ा लाभ**

यूपीईएस के विद्यार्थियों को जूनिपर के एसोसिएट और स्पेशलिस्ट स्तर के पाठ्यक्रमों तक 100 प्रतिशत सब्सिडी के साथ पहुंच मिलेगी, जिनकी सामान्य लागत प्रति विद्यार्थी 3,000 से 4,000 अमेरिकी डॉलर होती है। इसके साथ ही जूनिपर की वैश्विक सर्टिफिकेशन परीक्षाओं पर 75 प्रतिशत तक की छूट भी प्रदान की जाएगी। यह सहयोग एसोसिएट और स्पेशलिस्ट लर्निंग पाथवे, क्यूरेटेड कंटेंट और गाइडेड लैब्स तक संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करेगा।

वहीं यूपीईएस के रजिस्ट्रार मनीष मदान ने कहा कि यह सहयोग विश्वविद्यालय के तकनीकी शिक्षा इकोसिस्टम को नई मजबूती देगा। उद्योग-स्तरीय अवसंरचना और वैश्विक सर्टिफिकेशन को अकाद. मिक ढांचे में शामिल कर विद्यार्थियों को नेटवर्किंग और साइबर सुरक्षा की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। इस साझेदारी के साथ यूपीईएस वैश्विक नेटवर्किंग और साइबर सुरक्षा टैलेंट पाइपलाइन में अपनी भूमिका को और सशक्त कर रहा है।

# वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा का जीवंत उदाहरण: सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर मनाए जा रहे अटल स्मृति वर्ष एवं वीर बाल दिवस के अंतर्गत विकासनगर में आयोजित जिला कार्यशाला में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर सम्मिलित हुए। कार्यशाला में अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान, सुशासन की अवधारणा तथा युवाओं में राष्ट्रभक्ति और संस्कारों के विकास पर विस्तार से चर्चा की गई।

विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। वीर बाल दिवस




देश के उन वीर बालकों के बलिदान को स्मरण करने का अवसर है, जिनसे आने वाली पीढ़ियों को साहस, त्याग और देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री कुंदन, जिला प्रभारी डॉ. स्वराज विद्वान, जिलाध्यक्ष मीता सिंह, पूर्व विधायक कुलदीप कुमार, सतेंद्र राणा, भुवन विक्रम डबराल, सीताराम गौड,

सुखदेव फर्षवाण, यशपाल, तनुज शर्मा, यशपाल कैंतुरा, अर्चना क्षेत्री, मंजू नेगी सहित भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

## ट्रूकॉलर ने मुफ्त वॉइसमेल सेवा लॉच की

**देहरादून।** उत्तराखंड सहित पूरे भारत में ट्रूकॉलर ने उपयोगकर्ताओं के लिए एक मुफ्त और शक्तिशाली एआई संचालित वॉइसमेल अनुभव लॉन्च किया, जिसमें तुरंत ट्रांसक्रिप्शन और स्वचालित स्पैम सुरक्षा शामिल है। पारंपरिक वॉइसमेल के विपरीत, संद. ेश सीधे डिवाइस पर स्टोर होते हैं, जिससे रिकॉर्डिंग्स पर पूर्ण नियंत्रण और गोपनीयता सुनिश्चित होती है। इसमें स्मार्ट कॉल वर्गीकरण, स्पैम फिल्टरिंग, समायोज्य प्लेबैक स्पीड और 12 भारतीय भाषाओं में एआई संचालित वॉइसमेल ट्रांसक्रिप्शन की सुविधा भी शामिल है। ट्रूकॉलर उपयोगकर्ता अपने ट्रूकॉलर ऐप में केवल कुछ सेकंड में मुफ्त में अनलिमिटेड वॉइसमेल सेट कर सकते हैं।

# आईआईएम में प्रशिक्षण के लिए डॉ. पूजा का चयन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ. पूजा राठौर का चयन उच्च शिक्षा विभाग की और से आयोजित प्रतिष्ठित लीडरशिप प्रोग्राम के लिए किया गया है। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रबंध संस्थान काशीपुर में संपन्न हुआ।

डॉ. पूजा राठौर ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शैक्षिक संस्थानों में प्रभावी नेतृत्व के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और गुणों की गहरी समझ विकसित करना था। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि संस्थागत उत्कृष्टता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा।

# अवैध प्लॉटिंग पर एमडीडीए का कड़ा प्रहार

■ शहर और आसपास के क्षेत्रों का विकास मास्टर प्लान और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही होगा: तिवारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही लगातार जारी है।

एमडीडीए की टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों, अवैध प्लॉटिंग, अनधिकृत सड़क कटान और नियमों के विपरीत किए गए निर्माणों को चिन्हित कर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।




एमडीडीए को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ भू-माफिया और निजी डेवलपर्स नियमों को दर्. कनार कर कृषि भूमि एवं अन्य श्रेणी की भूमि पर अवैध प्लॉटिंग कर रहे हैं। इन गतिविधियों से न केवल शहर की भौगोलिक संरचना और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि आम नागरिकों को भी भ्रमित कर अवैध रूप से भूखंड बेचे जा रहे हैं।

इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एमडीडीए ने विशेष प्रवर्तन टीमें गठित की हैं, जो नियमित रूप से क्षेत्रवार निरीक्षण कर रही हैं। प्राधिकरण की कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों में बनाई गई आंत. रिक सड़कें, बाउंड्री वॉल और प्लॉटिंग के अन्य ढांचे ध्वस्त किए गए।

### अवैध प्लॉटिंग व अनधिकृत निर्माण के खिलाफ नरमी नहीं बरती जाएगी: बंशीधर

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माण के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। शहर और आसपास के क्षेत्रों का विकास मास्टर प्लान और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही होगा। जो लोग नियमों को ताक पर रखकर अवैध प्लॉटिंग कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील है कि वे किसी भी प्रकार की भूमि खरीदने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की पुष्टि एमडीडीए से अवश्य करें, ताकि भविष्य में किसी तरह की परेशानी से बचा जा सके।

### अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ चल रही कार्रवाई पूरी तरह नियमों के अनुरूप और पारदर्शी : बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ चल रही कार्रवाई पूरी तरह नियमों के अनुरूप और पारदर्शी है। प्रवर्तन टीमें नियमित रूप से क्षेत्रीय निरीक्षण कर रही हैं और जहां भी अनियमितता पाई जा रही है, वहां तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि शहर का सुनियोजित और सुरक्षित विकास सुनिश्चित करना है।

# मॉर्निंग स्टार स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने जमाया रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मॉर्निंग स्टार प्रिपेरटॉरी स्कूल का वार्षिकोउत्सव कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीता ।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से शुरू हुई जिसमें बच्चों ने गणेश जी की वेशभूषा धारण कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अलग अलग गानों पर नृत्य कर अभिभावकों की खूब तालियां बटोरी।

यूकेजी के बच्चों ने नृत्य के माध्यम से मोबाइल के साइड इफेक्ट को दर्शाते हुए इसका कम से कम इस्तेमाल करने का संदेश दिया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकगण मौजूद रहे और बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की हौसला अफजाई करते रहे। प्रिंसिपल कौशल्या थपलियाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मंच का संचालन शिक्षिका इंदिरा ने किया।

इस अवसर पर शिक्षिका आरती, मनीषा, पायल उपस्थित रहीं और बच्चों को मार्गदर्शन देतीं रहीं। सफल आयोजन के लिए प्रिंसिपल ने सभी को धन्यवाद दिया।

